प्रेस नोट
थाना पूँछ

दिनाँक 22.06.24

थाना पूँछ पुलिस के अथक प्रयास से मानसिक रूप से बीमार दो व्यक्ति अपने परिजनों से वापस मिले

थाना पूँछ क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले ग्राम बड़ैरा से स्थानीय पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि वहाँ पर 18-20 लोग हैं, जो मानसिक रोगी हैं, उनको कुछ लोग अपने घरों में रखकर उनसे अपना काम कराते हैं।

इस सूचना पर उप जिलाधिकारी मोठ द्वारा भी टीम का गठन कर जाँच करायी जा रही है। इसी क्रम में थाना पूँछ पर गठित पुलिस टीम द्वारा श्री घनश्याम सिंह पुत्र श्री बाबूलाल नि0 ग्राम बड़ैरा थाना पूँछ जिला झाँसी के संरक्षण में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति सुनील का तथा श्री करन सिंह पुत्र पर्वत सिंह नि0 ग्राम बड़ैरा थाना पूँछ जिला झाँसी के संरक्षण में मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति दीपू जाटव से टीम द्वारा गहनता से पूछताछ की गयी, तो पूछताछ के दौरान सुनील उपरोक्त द्वारा अपना जनपद लखनऊ व दीपू द्वारा अपना निवास जनपद आगरा बताया गया।

मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति अपना सही स्थायी पता बता पाने में असमर्थ थे। व्यक्तियों द्वारा बताये गये निवास स्थान के जनपद की जानकारी कर अलग-अलग टीमों द्वारा जनपद लखनऊ व जनपद आगरा में जाकर उनके स्थायी पते की जानकारी की गयी, तो सुनील का स्थायी पता म0नं0 547/352/136 ताल कटोरा रोड राजाजी पुरम् लखनऊ व दीपू का स्थायी पता नगला धनौली भगला नगला थाना मलपुरा जिला आगरा पाया गया।

गठित टीमों द्वारा तत्काल व्यक्तियों को उनके स्थायी पते पर ले जाकर उनके परिवारीजन को सुपुर्द किया गया। दोनों ही अपने परिवार से मिलकर काफी खुश हुए तथा परिवारीजनों द्वारा बताया गया कि ये लोग करीब 03 वर्ष से घर से निकल गये थे, जिनको हम लोगों ने खोजने का काफी प्रयास किया था, लेकिन इन्हें खोज पाने में असफल रहे। आज इनसे मिलकर हम बहुत प्रसन्न हैं।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्तोयों के परिजनों द्वारा झाँसी पुलिस की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की गयी।